संख्या-29/2016/1206/18-4-2016-8(हस्तशिल्प)/10

प्रेषक,

डा0 रजनीश दुबे,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

प्रेषक,

आयुक्त एवं निदेशक,
उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय उ0प्र0,
कानपुर।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग-4 लखनऊ : दिनांक 11अगस्त,2016

विषय:डा0 राम मनोहर लोहिया विशिष्ट हस्तशिल्प प्रादेशिक पुरस्कार की धनराशि बढ़ाये जाने के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-912/हस्त0-13/प्रादेशिक पुरस्कार/2016-17, दिनांक 13-6-2016 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल डा0 राम मनोहर लोहिया विशिष्ट हस्तशिल्प प्रादेशिक पुरस्कार योजनान्तर्गत राज्य हस्तशिल्प पुरस्कार के रूप में चयनित हस्तशिल्पियों को रू0 35000/-(रू0 पैंतीस हजार) मात्र प्रति हस्तशिल्पी तथा दक्षता हस्तशिल्प पुरस्कार के अंतर्गत चयनित हस्तशिल्पियों को रू0 20,000/- (रू0 बीस हजार) मात्र प्रति हस्तशिल्पी पुरस्कार स्वरूप चेक अथवा ड्राफ्ट के माध्यम से प्रदान किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2. इस सम्बंध में पूर्व में निर्गत शासनादेश संख्या-85/18-4-2013-8(ह0शि0)/10, दिनांक 04-02-2013 इस सीमा तक संशोधित समझा जायेगा।

3. कृपया उपर्युक्तानुसार अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

डा0 रजनीश दुबे
प्रमुख सचिव।

संख्या-29/2016/1206/18-4-2016 तद्दिनांक।

उपर्युक्त की प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0
2. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0
3. अपर आयुक्त, निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो, उ0प्र0 लखनऊ।
4. प्रबंध निदेशक, उ0प्र0 हस्तशिल्प विकास एवं विपणन निगम लि0, लखनऊ।
5. समस्त संयुक्त आयुक्त उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन उ0प्र0।
6. समस्त उपायुक्त उद्योग, उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र, उ0प्र0
7. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग-।,2 एवं 3
8. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(आर0ए0 सिंह)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in